# 3. विश्वविद्यालय

## 3.1 प्रस्तावना

मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के व्यापक दर्शन की पृष्ठभूमि पर उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2005 में उत्तराखण्ड शासन के अधिनियम संख्या 23 द्वारा इस उद्देश्य से की गई कि समग्र ज्ञान और कला-कौशल की स्वयं सीख पाने की विविध विधाओं द्वारा सक्षमता लोगों तक पहुँचायी जा सके। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय अपने अनेक नूतन, समसामयिक एवं उपयोगी शैक्षणिक कार्यक्रमों को सम्प्रेषण के नवीनतम प्रयोगों तथा सम्पर्क-सत्रों द्वारा अधिक सुदृढ़ बनाता रहा है। विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य इस राज्य के त्वरित विकास एवं उन्नयन हेतु प्रशिक्षित एवं विभिन्न कौशलों में दक्ष उपयोगी मानव संसाधनों का विकास करना है। इस विश्वविद्यालय का उद्देश्य रहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता में कभी किसी भी स्तर पर कोई समझौता न किया जाए। व्यावसायिक एवं तकनीकी शिक्षा में तीव्रता से हो रहे बदलावों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने अपने पाठ्यक्रमों को इस प्रकार पुनर्गठित किया है कि रोजगार एवं स्व-रोजगार के नित नए द्वार खुल सकें।

विश्वविद्यालय मुख्य रूप से महिलाओं, जनजातियों तथा मुख्य धारा से अलग वर्गों के शैक्षिक उन्नयन हेतु कटिबद्ध है। विश्वविद्यालय के निरन्तर होते विस्तार से इसकी पहुँच आज इस राज्य के सुदूरवर्ती एवं दुर्गम स्थलों तक हो गई है।

## 3.2 विश्वविद्यालय के उद्देश्य

विश्वविद्यालय राज्य के विकास में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए जो राज्य की समृद्ध परम्पराओं पर आधारित हो, राज्य की जनता की संस्कृति और उसके मानवीय संसाधनों की उन्नति और अभिवृद्धि के लिए शिक्षा, शोध, प्रशिक्षण और विस्तारण के माध्यम से प्रयास करेगा। इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए वह:

(क) नियोजन की आवश्यकताओं से संबंधित तथा देश की अर्थव्यवस्था के, उसके प्राकृतिक और मानवीय साधनों के आधार पर, निर्माण के लिए आवश्यक उपाधि, डिप्लोमा, और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों को प्रोत्साहित करेगा और उन्हें विविध प्रकार का बनाएगा;

(ख) जनता के बड़े भागों और विशिष्टतया सुविधारहित समूह को, जैसे कि वे समूह जो दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे हैं, जिनके अन्तर्गत श्रमजीवी जनता, घरेलू महिलाएं और ऐसे वयस्क हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों मे अध्ययन के माध्यम से ज्ञान बढ़ाने व अर्जितकरने की इच्छा रखते हैं, उच्चतर शिक्षा तक उनकी पहुँच के लिए उपबंध करेगा;

(ग) शीघ्रता से विकसित और परिवर्तित होने वाले समाज मे ज्ञान के अर्जन का संवर्धन करेगा और मानव प्रयास के सभी क्षेत्रों में नव-परिवर्तन, अनुसंधान, शोध के संदर्भ में ज्ञान, प्रशिक्षण और

# 3. The University

## 3.1 Introduction

Following the philosophy of Open and Distance Learning (ODL), Uttarakhand Open University (UOU) was established in the year 2005 (vide Act No. 23 of the Uttarakhand Government) with an objective to take education to the doorsteps of various sections of society. UOU is progressing leaps and bounds due to its new, innovative and useful educational programmes. All this has been made possible through the use of latest information and communication technology and contact sessions with our learners. The main objective of the University is to develop trained and skilled human resource for sustainable development and progress. However, to meet this goal the University has never compromised with the quality of education it imparts. Keeping in mind the fast-changing trends in vocational and technical education, the University has developed its programmes in such a manner that they open doors of employment and self-employment to its learners.

The University mainly caters to the development of women, tribals and those sections of society which have been left out of main stream education. In a short-time, span of eleven years, the University has evolved considerably and has been successful in reaching out to the unreached.

## 3.2 Objectives of the University

The University shall endeavor through education, research, training and extension to play a positive role in the development of the State, and based on the rich heritage of the State to promote and advance the culture of the people of Uttarakhand and its human resources and towards this end, it shall:

(a) Strengthen and diversify the degree, diploma and certificate courses related to the needs of employment and necessary for building the economy of the country on the basis of its natural human resources;

(b) Provide access to higher education for large segments of the population, and in particular, the disadvantaged groups such as those living in remote and rural areas including working people, housewives and other adults who wish to upgrade or acquire knowledge through studies in various fields;

(c) Promote acquisition of knowledge in a rapidly developing and changing society and to continually offer opportunity for upgrading

कुशलता बढ़ाने के लिए लगातार अवसर प्रस्तुत करने के लिए प्रयास करेगा;

(घ) ज्ञान के नये क्षेत्रों में विद्या की अभिवृद्धि करने और उसे विशिष्टतया प्रोत्साहित करने की दृष्टि से विद्या के तरीकों और गति, पाठ्यक्रमों के मिश्रण, नामांकन की पात्रता, प्रवेश की आयु, परीक्षाओं के संचालन और कार्यक्रमों के प्रवर्तन के संबंध में सुनिश्चय और निर्बाध विश्वविद्यालय स्तर की नई प्रणाली के लिए उपबन्ध करेगा;

(ङ) औपचारिक पद्धति की अनुपूरक अनौपचारिक पद्धति का उपबन्ध करके और विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित पाठों और अन्य साफ्टवेयर का व्यापक रूप से उपयोग करके गुणवत्ता के अन्तरण को और शिक्षण कर्मचारियों के विनिमय को प्रोत्साहित करके शैक्षणिक पद्धति के सुधार में सहयोग देगा

(च) देश की विभिन्न कलाओं, शिल्पों और कुशलताओं में, उनकी गुणवत्ता में सुधार करके जनता के लिए उनकी उपलब्धता में वृद्धि करके शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए उपबंध करेगा;

(छ) ऐसे कार्यकलापों या संस्थाओं के लिए अपेक्षित शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए उपबंध या प्रबंध करेगा;

(ज) अध्ययन के यथोचित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए उपबंध करेगा और अनुसंधान को बढ़ावा देगा;

(झ) अपने छात्रों के लिए परामर्श एवं मार्गदर्शन के लिए उपबंध करेगा; और

(ञ) अपनी नीति और कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता व मानव व्यक्तित्व के समन्वित विकास में वृद्धि करेगा।

### 3.3 विद्याशाखाएं

वर्तमान में, विश्वविद्यालय 14 विद्याशाखाओं एवं 48 विभागों के माध्यम से विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। ये विद्याशाखाएं निम्नलिखित हैं:

1) कृषि एवं विकास अध्ययन
2) कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी
3) स्वास्थ्य विज्ञान
4) विज्ञान
5) पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान
6) प्रबंध अध्ययन एवं वाणिज्य
7) शिक्षाशास्त्र
8) मानविकी
9) समाज विज्ञान
10) विधि
11) पत्रकारिता एवं मीडिया अध्ययन
12) पर्यटन, आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन
13) व्यावसायिक अध्ययन
14) भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान

इसके अतिरिक्त हिमालयी अध्ययन केंद्र, गांधी अध्ययन एवं शांति

knowledge, training and skills in the context or innovations, research and discovery in all fields of human endeavours;

(d) Provide an innovative system of University level of education, flexible and open, in regard to method and pace of learning combination of courses, eligibility for enrolment, age of entry, conduct of examination and operation of programmes with a view to promote learning and encourage excellence in new fields of knowledge;

(e) Contribute to the improvement of the educational system by providing a non-formal channel complementary to the formal system and encouraging transfer of credits and excellence of teaching staff by making wide use of texts and other software developed by the University;

(f) Provide education and training in the various arts, crafts and skills of the country, raising their quality and improving their availability to the people;

(g) Provide or arrange training of teachers required for such activities or institutions;

(h) Provide suitable Post-graduate courses of study and promote research;

(i) Promote the counselling and guidance to its students; and

(j) Promote national integration and the integral development of the human personality through its policies and programmes.

### 3.3 The Schools of Studies

At present, the University is running various programmes through 14 Schools of Studies and 48 Departments. These Schools are as follows:

1) Agriculture and Development Studies
2) Computer Science and IT
3) Health Science
4) Science
5) Library and Information Science
6) Management Studies and Commerce
7) Education
8) Humanities
9) Social Science
10) Law
11) Journalism and Media Studies
12) Tourism, Hospitality and Hotel Management
13) Vocational Studies
14) Earth and Environment Science

Besides the above-mentioned Schools of Studies,

केंद्र, भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं सुदूर संवेदी अनुप्रयोग केंद्र तथा मानवीय तथा नैतिक मूल्य केंद्र की स्थापना इस उद्देश्य से की गई है कि शोधपरक एवं विशिष्ट अध्ययन किया जा सके।

various research Centers like Centre for Himalayan Studies, Centre for Gandhian Studies & Peace, Centre for Remote Sensing and GIS Application and Centre for Human Values and Ethics have been established under different Schools in order to augment research and focused studies.

### 3.4 पाठ्यक्रमों की क्रेडिट प्रणाली

इस व्यवस्था में एक (01) क्रेडिट का अभिप्राय 30 घण्टे के छात्र-अध्ययन के बराबर माना जाता है, जिसमें समस्त अध्ययन गतिविधियां शामिल हैं, जैसे: पढ़ने और स्वअध्ययन सामाग्री (SLM) को समझने, ऑडियो को सुनने, वीडियो देखने, परामर्श सत्र में भाग लेने, दूरसंवाद और सत्रीय कार्य लेखन इत्यादि।

### 3.4 Credit System of Programmes

In this system, 01 credit is equivalent to 30 hours of self-study. This comprises all learning activities i.e., reading and comprehending the SLM, listening to audio, watching video, attending counselling sessions, teleconference and preparing assignments.

### 3.5 पाठ्यक्रमों का संचालन

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के शिक्षण पाठ्यक्रम मुख्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र तथा शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों की त्रिस्तरीय व्यवस्था द्वारा संचालित होते हैं। राज्य के विभिन्न भागों में स्थित क्षेत्रीय केन्द्र विश्वविद्यालय के मुख्यालय द्वारा नियन्त्रित तथा निर्देशित होते हैं। प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्र अपने क्षेत्र में स्थित शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों और विश्वविद्यालय के बीच समन्वय तथा सक्रिय सहयोग की भूमिका निभाते हैं। शिक्षार्थी सहायता केन्द्र विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यो में सक्रिय सहयोग करते हैं। समस्त शिक्षण कार्यों का संचालन विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों से ही होता है।

### 3.5 Programme Delivery

The educational programmes of the University operate on a three-tier arrangement, i.e., University Headquarter, Regional Centers (RC) and Learner Support Centers (LSC). The Regional Centers located in different parts of the state are administered by the University Headquarters. Every Regional Centre act as a coordinating agency between the University and various Learner Support Centers. The Learner Support Centers, in turn, discharge both academic and administrative duties. All the counselling related activities are carried out by the various Learner Support Centers.

#### 3.5.1 स्व-अध्ययन सामग्री (एस.एल.एम.)

विश्वविद्यालय में हिन्दी या अंग्रेजी, जिस माध्यम में पाठ्य सामग्री उपलब्ध होगी, उसी माध्यम में शिक्षार्थी को उपलब्ध करायी जायेगी, हांलाकि शिक्षार्थी अंग्रेजी या हिन्दी किसी भी माध्यम में परीक्षा दे सकेगा।

#### 3.5.1 Self Learning Materials (SLM)

The Self Learning Material available in Hindi or English medium, what so ever shall be distributed to the learner. However, learner may opt Hindi or English as medium of examination.

#### 3.5.2 ओपन एजूकेशनल रिसोर्सेज़ (ओईआर)

- ओईआरबौद्धिक सम्पदा लाइसेंस के तहत पब्लिक डोमेन में जारी की गई वह शिक्षण, अध्ययन एवं शोध से संबंधित सामग्री है जो उसके अन्य द्वारा प्रयोग, पुन: प्रयोग की नि:शुल्क अनुमति देती है। ओपन एजूकेशनल रिसोर्सेज़ के अन्तर्गत ज्ञान तक पहुंच बनाने के लिए संपूर्ण पाठ्यक्रम , पाठ्यक्रम सामग्री, मॉड्यूल्स, पाठ्य पुस्तक, वीडियो तथा अन्य साधन, सामग्री, या तकनीकों का प्रयोग किया जाता है।
- उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय की भी अपनी ओईआर पॉलिसी है, जिसके तहत http://elearning.uou.ac.in/नाम का ओईआर पोर्टल विकसित किया गया है, यहां से शिक्षार्थी अपनी शिक्षण सामग्री में पहुंच बना सकता है और अपने स्मार्ट फोन, लैपटॉप अथवा डेस्क टॉप कम्प्यूटर में सामग्री को डाउनलोड कर सकता है। इस ओईआर पोर्टल में दो खण्ड हैं ;प्रथम खण्ड

#### 3.5.2 Open Educational Resources (OER)

- OERs are teaching, learning, and research resources that reside in the public domain or have been released under an intellectual property license that permits their free use and re-purposing by others. Open educational resources include full courses, course materials, modules, textbooks, streaming videos and any other tools, materials, or techniques used to support access to knowledge."
- Uttarakhand Open University has own OER policy and developed OER portal named http://elearning.uou.ac.in/ where the learners can access course materials and download the course materials in his own devices such as smart phone, laptop and desktop computer. In this OER portal there are two sections one is SLM

(http://elearning.uou.ac.in/course/index.php?categoryid=20) स्व-अध्ययन सामग्री खण्ड है , और दूसरा खण्ड ओईआर खण्ड है(http://elearning.uou.ac.in/course/index.php?categoryid=6)।

- विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विकसित अध्ययन सामग्री, स्व-अध्ययन सामग्री खण्ड में है। शिक्षार्थी इस सामग्री तक विश्वविद्यालय के आइसीटी विभाग द्वारा दिये जाने वाले पासवर्ड द्वारा पहुंच बना सकता है। ओईआर खण्ड में कोई भी, बिना किसी पासवर्ड के अध्ययन सामग्री तक पहुंच बना सकता है।

(http://elearning.uou.ac.in/course/index.php?categoryid=20) section and another is OER section (http://elearning.uou.ac.in/course/index.php?categoryid=6).

- The SLM developed by faculty members reside in the SLM section. The learner can access the SLM through user id and password which is provided by the ICT department. In OER section anyone can direct access the course materials without any user id and password.

### 3.5.2.1 मूक

विश्वविद्यालय द्वारा बी.सी.ए एवं बी. बी.ऐ कार्यक्रम में मूक का विकल्प भी प्रारंभ किया जा रहा है, इच्छित शिक्षार्थीयू.जी.सी. द्वारा अनुमोदित स्वयं पोर्टल पर उपलब्ध मूक कार्यक्रम(MOOC) की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट(www.uou.ac.in) पर देख सकते हैं।इस संदर्भ में विश्वविद्यालय, यू.जी.सी. द्वारा अनुमोदित क्रेडिट ट्रांसफर की नीति का पालन किया जायेगा।

### 3.5.2.1 MOOCs

The University is offering an option of MOOC in the BCA and BBA programme, interested learners may visit the University Website (www.uou.ac.in) for UGC approved SWAYAM portal containing MOOC list. In this regard University shall abide by the UGC approved Credit transfer Policy.

### 3.5.3 परामर्श सत्र एवं सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रमों की निर्धारित क्रेडिट्स के अनुरूप आवश्यक परामर्श सत्रों तथा सत्रीय कार्यों (असाइनमेन्ट्स) का विवरण निम्नवत हैं-

### 3.5.3 Counselling Sessions and Assignments

Counselling sessions and assignments as per the number of credits of the respective programmes are provided as under:

| Credits Defined for the Subject (विषय के लिए निर्धारितक्रेडिट) | Total study hours duration based on credit (hrs.) (क्रेडिट के आधार पर कुल अध्ययन अवधि) (घंटों में) | Counselling Sessions- 10% of total study hours (परामर्श सत्र-कुल अध्ययन के लिए निर्धारित घंटों का 10 %) | Minimum number of Assignment (न्यूनतम सत्रीय कार्यों की संख्या) |
|---|---|---|---|
| 02 | 60 | 06 | 01 |
| 04 | 120 | 12 | 02 |
| 06 | 180 | 18 | 03 |
| 08 | 240 | 24 | 04 |

### 3.5.4 ऑडियो– विजुअल सामग्री

दूरस्थ शिक्षा को रोचक एवं प्रभावशाली बनाए जाने हेतु ऑडियो-विजुवल व्याख्यानों को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है (इकाई एवं ब्लाक के अनुसार)। इसमें से कुछ सामग्री ऑनलाइन भी उपलब्ध है। विश्वविद्यालय की योजना है कि 'एडूसेट' तथा अन्य माध्यमों से माध्यम से ऑडियो-विजुअल व्याख्यानों को प्रसारित करें ताकि विद्यार्थी इन्हें कहीं भी देख सकें।

### 3.5.4 Audio – Visual Aids

In order to make ODL interesting and effective, efforts are being made to develop audio/ video materials and some of the lectures are also available online. Now that the University has access to the educational satellite EDUSAT, it will start broadcasting lectures to our learners and the learners will be able to view them irrespective of their geographical location.

### 3.5.5 कार्यशाला / प्रयोगात्मक कार्यशाला / परियोजना कार्य

विज्ञान, शिक्षा, समाज कार्य, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में कार्यशाला / प्रयोगात्मक कार्यशालाओं का प्रावधान

### 3.5.5 Workshops/Laboratory Workshops/Project Work

In order to provide hands on / practical understanding of the subject, workshops/ laboratory workshops are

किया गया है ताकि शिक्षार्थी की प्रायोगिक समझ विकसित हो सके। इसके अतिरिक्त कुछ पाठ्यक्रमों में परियोजना कार्य पाठ्यक्रम के अनिवार्य भाग के रूप में शामिल किया गया है ताकि शिक्षार्थी के प्रायोगिक / व्यावहारिक / शोधपरक ज्ञान में वृद्धि हो सके।

## 3.6 सहायक सेवाएं

### 3.6.1 निदेशालय, क्षेत्रीय सेवाएं (आर0एस0डी0)

निदेशालय, क्षेत्रीय सेवाएं मुख्यालय में अवस्थित है। यह निदेशालय क्षेत्रीय केंद्रों और शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों के संचालन हेतु नीति निर्धारण और नियमन करता है।

### 3.6.2 क्षेत्रीय केंद्र

क्षेत्रीय केंद्रों का कार्य शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों एवं विश्वविद्यालय के बीच शैक्षिक पाठ्यक्रमों हेतु समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को उत्तराखण्ड के दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाना है। ये केंद्र सामान्यत: भौगोलिक पहुँच एवं शिक्षार्थी सहायता केंद्रों की स्थिति की दृष्टि से बीच की जगह में स्थापित किए गए हैं। ऐसे आठ क्षेत्रीय केंद्र, जिसमें से चार गढ़वाल मंडल में (देहरादून, रूड़की, पौड़ी एवं उत्तरकाशी) तथा चार कुमाऊं मंडल (रानीखेत, हल्द्वानी,कर्णप्रयागएवं पिथौरागड़) में स्थापित किए गए हैं। इन क्षेत्रीय केंद्रों के अन्तर्गत शिक्षार्थी सहायता केंद्रों के माध्यम से शैक्षिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाता हैं।

### 3.6.3 शिक्षार्थी सहायता केंद्र

शिक्षार्थी सहायता केन्द्र मुक्त विश्वविद्यालयी शिक्षण पद्धति की प्राथमिक इकाई हैं। विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय सेवा प्रभाग के द्वारा समुचित कार्यवाही के उपरांत शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों की स्थापना की जाती है। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपनी सुविधानुसार शिक्षार्थी सहायता केन्द्र चुनने की स्वतन्त्रता होती है। छात्रों के प्रवेश के साथ-साथ उनके लिए परामर्श सत्रों तथा प्रयोगात्मक कार्यों की व्यवस्था भी शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों द्वारा ही की जाती है। इन केंद्रों के माध्यम से प्रत्येक शिक्षार्थी अपने विश्वविद्यालय से निरन्तर सम्बद्ध रहता है।

### 3.6.4 आर्दश शिक्षार्थी सहायताकेन्द्र (शिक्षार्थी सहायता केन्द्र कोड16000, 11000)

विश्वविद्यालय मुख्यालय हल्द्वानी तथा देहरादून परिसर में दो आर्दश शिक्षार्थी सहायता केन्द्र स्थापित किये गये हैं।

### 3.6.5 विशेष अध्ययन केन्द्र

- शहीद सैनिकों की विधवाओं को कार्यक्रम शुल्क में पूरी राहत मिलेगी, और गरीब परिवारों की घेरेलु महिलाओं को कार्यक्रम शुल्क में 25% की छूट केवल महिलाओं के लिए चिन्हित गए एलएससी और मॉडल एलएससी देहरादून/हल्द्वानी में प्रवेश

organized in Science, Education, Social Work, Management, Yoga and Naturopathy Programmes. Furthermore, in some programmes, project activity is a compulsory part of the programme as it not only provides field exposure but also enhances the practical/field/research understanding of the learners.

## 3.6 Support Services

### 3.6.1 Directorate of Regional Services (RSD)

Directorate, Regional Services is located at University Headquarters, Haldwani. Directorate regulates and frames policies for Regional Centre and Learner Support Centers.

### 3.6.2. Regional Centers

Coordination between the different Learner Support Centers and the University is ensured by Regional Centers. These centers also help in disseminating information about the programmes offered by the University to the learners residing in far-flung areas of Uttarakhand. At present, the University has eight (08) Regional Centers, of which four (04) are located in the Garhwal region, vis-à-vis, Dehradun, Roorkee, Pauri, Uttarakashi and four (04) in the Kumaun region,vis-à-vis, Ranikhet, Haldwani, Karnprayag, Pithoragarh. The educational programmes of the University are offered through Learner Support centers under these eight regional centers.

### 3.6.3 Learner Support Centre (LSC)

The primary unit of the Open University Education System is the Learner Support Centre. Each learner has the freedom to opt for the Learner Support Centre of his/ her choice. In addition to dealing with the admission related matters of the University, the Learner Support Centers also arrange counselling and laboratory sessions for its learners. In this manner, each learner remains connected with the University.

### 3.6.4 Modal Learner Support Centers (LSC Code Nos. 16000, 11000)

Two Model Learner Support Centers, one at the University Headquarters and another at the Dehradun Campus, have been established for the benefit of the learners.

### 3.6.5 Special Study Centers

- War widows shall get total fee relief in the program fee, and non-earning women/ housewife from poor families will receive a relaxation of

लेने पर प्रदान की जाएगी (ई-एसएलएम के साथ)।

- अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को प्रवेश लेने पर कार्यक्रम शुल्क में 15% की राहत (या ई-एसएलएम के साथ कार्यक्रम शुल्क में 25% की छूट) केवल सरकारी डिग्री कॉलेज, मुंशियारी (एलएससी कोड 18038), और सरदार महिपाल राजेंद्र डिग्री कॉलेज सहिया (एलएससी कोड 11130) में मिलेगी।
- 40% या अधिक विकलांगता वाले उम्मीदवारों को कार्यक्रम शुल्क (ई-एसएलएम के साथ) में 100% की राहत मिलेगी।
- कार्यक्रम शुल्क के अलावा परीक्षा शुल्क आदि में कोई राहत नहीं मिलेगी।
- जेलों में विशेष अध्ययन केंद्रों में जेल के कैदियों को कार्यक्रम शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि में पूर्ण राहत मिलेगी।
- मॉडल अध्ययन केंद्र हलद्वानी/देहरादून में प्रवेश प्राप्त करने पर थर्ड जेंडर श्रेणी के आवेदकों को कार्यक्रम और परीक्षा शुल्क में पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी।
- शुल्क में छूट केवल मॉडल एल.एस.सी या निर्दिष्ट एल.एस.सी. में ही प्रदान की जाएगी।
- अधिक जानकारी के लिए अनुलग्नक 'A' देखें।

### 3.6.6 सरकारी महाविद्यालयों में यू.ओ.यू. शिक्षार्थी सहायता केंद्र

यू.जी.सी. निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय के शिक्षार्थी सहायता केंद्र स्थापित कर रहा है।

### 3.7 मूल्यांकन हेतु ग्रेडिंग प्रणाली

प्रत्येक नामांकित शिक्षार्थी जो सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होगा, उसका मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाएगा:
फाउंडेशन कोर्स, सर्टिफिकेट प्रोग्राम और डिप्लोमा प्रोग्राम में कुछ कार्यक्रमों को छोड़कर एनी में कोई असाइनमेंट (सत्रीय) कार्य नहीं होगा। इनके अलावा प्रत्येक शिक्षार्थी का मूल्यांकन असाइनमेंट (सत्रीय)और सत्रांत परीक्षा में अलग-अलग प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा। (सत्रीय)कार्य 30 अंकों का होगा (पाठ्यक्रम के कुल क्रेडिट के आधार पर लेवल 1, लेवल 2 और लेवल 3 के रूप में उपवर्गीकृत है) और सत्रांत परीक्षा 70 अंकों की होगी। अंकों की विस्तृत संरचना के लिए कृपया संबंधित कार्यक्रम के पेज को देखें। सत्रीय कार्य के साथ-साथ सत्रांत परीक्षादोनों में अलग-अलग कम से कम 35% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। शिक्षार्थियों द्वारा सत्रीय कार्य ऑनलाइन पोर्टल (https://assignment.uou.ac.in/login/index.php) के माध्यम से जमा किए जाएंगे। सत्रीय कार्य विवरण समय-समय पर

25% in the program fee if taken admission in the LSC identified only for females and Modal LSC Dehradun/ Haldwani (with e-SLM).

- Women of scheduled tribe shall get 15% relief in program fee (or 25% relaxation in programme fees with e-SLM) if taken admission in Govt. Degree College, Munshiyari (LSC Code 18038), and Sardar Mahipal Rajendra Degree College Sahiya (LSC Code 11130), only.
- Candidates with 40% or more disability shall get relief of 100% in the program fee (with e-SLM).
- Except program fee there shall be no relief in examination fee, etc.
- The Jail inmates in special study centers at Jails shall get total fee relief in program fee, examination fee, etc.
- A complete fee relaxation in programme and examination fees to the third gender applicants, if enrolled in the Modal LSC Haldwani/ Dehradun.
- Fee relaxation will be provided in Modal LSC or the designated LSCs only.
- Refer Annexure A for more details.

### 3.6.6 UOU Learner Support Centers at Govt. PG Colleges

The University is establishing Learner Support centers in Government PG Colleges as per UGC regulations.

### 3.7 Grading System of Evaluation

Every enrolled learner who will appear in term end examination will be evaluated as under:
There shall be no Assignment work in the foundation courses, Certificate Programmes and Diploma Programmes except for few. Other than these the performance of every learner will be evaluated on the basis of marks scored separately in assignments and the term-end papers. Assignment work will carry 30 marks (subcategorized as Level 1, Level 2, and Lavel 3 depending upon total credits of the course) and the term end paper 70 marks. For detailed structure of marks, kindly refer to the page of the respective programme. It is compulsory to attain at least 35% marks separately, both in the assignments as well as in the term-end papers. Assignments will be submitted by the learners through the online portal (https://assignment.uou.ac.in/login/index.php). The details of assignments will be notified on the website of the University, from time to time.

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

### 4. प्रवेश एवं परीक्षा

- ❖ कृपया प्रवेश से पूर्व यह जांचें कि आपके प्रमाण पत्र वैध हैं और आप प्रवेश की निर्धारित अर्हता रखते है।

### 4. Admission and Examination

- ❖ Please check before admission that your certificates are valid and you carry the prescribed eligibility.

### 4.1 प्रवेश नियम (Admission Rules)

- ➢ उत्तराखण्ड राज्य में स्थित अधिकृत शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों में लिया गया प्रवेश ही मान्य होगा।

  Admission only at authorized LSC within the territory of State Uttarakhand will be accepted
- ➢ विश्वविद्यालय में पंजीकृत किसी भी पाठ्यक्रम के शिक्षार्थी अपने अगले सेमेस्टर या कक्षा में बिना परीक्षा परिणाम / अंकतालिका के प्रवेश ले सकते हैं।

  A learner enrolled in any Programme of the University may seek admission in next semester or class even before declaration of result or issue of marksheet.
- ➢ प्रवेश आवेदन पत्र भरने से पहले निम्न बिन्दुओं पर ध्यान दें|

  (i) प्रवेश आवेदन पत्र में केवल स्वयं का मोबाइल फोन नम्बर दें, एक मोबाइल फोन नम्बर से केवल एक ही आवेदक को प्रवेश दिया जायेगा।

  (ii) प्रवेश आवेदन पत्र में केवल स्वयं का ई-मेल आई-डी दें, एक ई-मेल आई-डी से केवल एक ही आवेदक को प्रवेश दिया जायेगा।

  (iii) प्रवेश आवेदन पत्र में केवल स्वयं का आधार नम्बर दें।

  (iv) प्रवेश हेतु Academic Bank of Credit (ABC) एवं D.E.B. आई०डी० अनिवार्य है|

  (v) नए शिक्षार्थियों के रिकॉर्ड (नाम, फोटो, हस्ताक्षर, माता/पिता का नाम, श्रेणी या जन्म तिथि) में सुधार केवल संबंधित शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर ही किया जायेगा। जिसके बाद कोई परिवर्तन शामिल नहीं किया जाएगा

  (vi) गलत जानकारी के आधार पर प्रवेश प्राप्त करने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा और शुल्क वापसी नहीं होगी , अपरिहार्य परिस्थितियों में कानूनी कार्यवाही संभव है ।

#### 4.1.1अकादमिक सत्र

- पहले सेमेस्टर और शेष चल रहे सेमेस्टर के लिए नए प्रवेश जुलाई 2026 और जनवरी 2027 सत्र में खुले रहेंगे।
  अपितु, बी.एड. (ओडीएल)/ बी.एड. विशेष शिक्षा/ एमबीए/ एमसीए/ बी.ए. योग (ऑनर्स)/ एम.ए. योग/ एमटीटीएम/ पीएच.डी. के लिए पहले सेमेस्टर के लिए प्रवेश केवल जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा के माध्यम से खुला रहेगा। यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं, तो जनवरी 2027 सत्र हेतु भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।
- कार्यक्रम सेमेस्टर परीक्षा मोड में संचालित किए जाते हैं। सेमेस्टर प्रारूप, एक सेमेस्टर छह महीने की अवधि तक चलता है।

#### 4.1.1 Academic Session

- New admission for the first semester and the remaining ongoing semesters shall remain open in July 2026 and Jan 2027 session.
- However, for B.Ed. (ODL)/ B.Ed. Special Education/ MBA/ MCA/ BA Yoga (Hons.)/ MA Yoga/ MTTM/ Ph.D. The admission for first semester shall remain open for July 2026 session only, through entrance test. In case seats left blank, the admission process shall begin for Jan 2027 session also.
- The programmes are offered in semester examination mode. In semester mode, one semester lasts for a duration of six months

| प्रवेशसत्र | दिनांक |
|---|---|
| ग्रीष्मकालीन सत्र | |
| प्रवेश आरम्भ की तिथि, जुलाई 2026 सत्र | 01st July 2026 |
| प्रवेश की अंतिम तिथि, जुलाई 2026 सत्र | 10th Aug 2026 |

| Admission Session | Date |
|---|---|
| Summer Session | |
| Admission Opening Date, July 2026Session | 01st July 2026 |
| Admission Closing Date, July 2026 Session | 10th Aug 2026 |

| शीतकालीन सत्र | |
|---|---|
| प्रवेश आरम्भ की तिथि, जनवरी2026 सत्र | 01st Jan 2027 |
| प्रवेश की अंतिम तिथि, जनवरी2026 सत्र | 31st Jan 2027 |

| Winter Session | |
|---|---|
| Admission Opening Date, Jan 2026 Session | 01st Jan 2027 |
| Admission Closing Date, Jan 2026 Session | 31st Jan 2027 |

### 4.1.2 ऑनलाइन प्रवेश

- सभी पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। ऑनलाईन प्रक्रिया में शुल्क का भुगतान पेमेंट गेटवे (डेबिड कार्ड/क्रेडिड कार्ड अथवा नेट बैकिंग) के माध्यम से किया जाना होगा।
- 'आनॅलाइन' प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी अपने मूलप्रपत्रों को स्कैन कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे एंव **दिये गये प्रारूप में अपने हस्ताक्षर से प्रमाण पत्र संलग्न करेंगे।**
- ऑनलाइन प्रवेश में शिक्षार्थी को मूल प्रमाण पत्रों की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी।
- ऑनलाइन प्रवेश आवेदन पत्रों की प्रति शिक्षार्थी सहायता केन्द्र में जमा करने की बाध्यता समाप्त है।

### 4.1.3 ऑनलाइन पाठ्य सामग्री चाहने वाले छात्रों के लिए

शिक्षार्थियों को ऑनलाइन पाठ्यक्रम सामग्री प्रदान की जाएगी (एसएलएम को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पोर्टल https://oneview.uou.ac.in/ से डाउनलोड किया जाएगा), जिसके लिए चयनित सेमेस्टर/वर्ष के लिए कार्यक्रम शुल्क में 15% की छूट दी जाएगी। https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx लिंक से ऑनलाइन फॉर्म भरने और आवश्यक शुल्क का भुगतान करने पर इच्छुक शिक्षार्थियों को एसएलएम की हार्ड-कॉपी प्रदान की जाएगी।

### 4.1.4 नामांकन

विश्वविद्यालय में प्रवेश के पश्चात् प्रत्येक ऑनलाइन आवेदक का नामांकन स्वत: हो जायेगा और एक नामांकन संख्या आवंटित की जाएगी जो अभ्यर्थी के लिए परिचायक का काम करेगी। नामांकन संख्या का आवंटन प्रथम प्रवेश परीक्षा में किया जाएगा जिसका उल्लेख अंक तालिका, प्रमाणपत्र एवं उपाधिपत्र में किया जाता है।ऑफलाइन आवेदकों की प्रविष्टि शिक्षार्थी सहायता केन्द्र द्वारा की जायेगी।

### 4.1.5 पुन: प्रवेश

शैक्षणिक सत्र (A.S.) जुलाई 2026 से सभी शिक्षार्थियों के लिए पुनः-पंजीकरण (Re-registration) की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है।

### 4.1.6 पार्श्व प्रविष्टि

विस्तृत जानकारी के लिए देखें www.uou.ac.in

### 4.1.2 Online Admission

- Online admission is available in all programmes. In this mode the fee can be paid only through the payment gateway (debit/credit card, UPI or Net Banking).
- The applicants taking admission through Online mode shall attach their scanned original documents with the application form and **submit a signed certificate in the given format.**
- In online admission scanned copies of the original testimonials shall be uploaded by the learners.
- Compulsion of submission of hard copies of online admission form is revoked.

### 4.1.3 Students opting for online Course material

The learner will be provided online course material (The SLM will be downloaded from the University Website portal https://oneview.uou.ac.in/), for which there will be a fees relaxation of 15% in the programme fee for the selected semester/year. The hard-copy of the SLM will be provided, to the learners willing for print SLM, upon filling-in a separate online form from the link https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx and payment of required fees.

### 4.1.4 Enrollment

After seeking admission in the University, each online applicant will be issued an enrollment number automatically. The enrollment number acts as a unique identification number. The enrollment number is issued only once and will be mentioned on the marksheets, transcript, certificates and degrees of the learners. Offline applicants shall be given enrollment through their Learner Support centers.

### 4.1.5 Re-Registration

The provision for Re-registration is discontinued for all the learners from the A.S. July 2026.

### 4.1.6 Lateral Entry

For details see the website www.uou.ac.in
https://www.uou.ac.in/sites/default/files/form/Lateral-Entry.pdf

### 4.1.7 शिक्षार्थी सहायता केंद्र परिवर्तन संबंधी नियम

i) दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए अध्ययन केंद्र में परिवर्तन निःशुल्क होगा।
ii) प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर शिक्षार्थी सहायता केंद्र में परिवर्तन निःशुल्क होगा।
iii) प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों के बाद 60वें दिन तक शिक्षार्थी सहायता केंद्र में परिवर्तन की अनुमति तभी दी जाएगी, जब वह शिक्षार्थी सहायता केंद्र के माध्यम से केंद्र के नो ड्यूज सर्टिफिकेट और शिक्षार्थी सहायता केंद्र में परिवर्तन के लिए 1000/- रुपए शुल्क के साथ आवेदन करेगा। ऐसे आवेदन पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया जाएगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।
iv) इस अवधि के बाद सत्र के अंत तक शिक्षार्थी सहायता केंद्र में परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।
v) शिक्षार्थी सहायता केंद्र के स्वयं बंद होने या विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थी सहायता केंद्र को बंद करने जैसी असाधारण स्थिति में, शिक्षार्थी सहायता केंद्र में परिवर्तन विश्वविद्यालय द्वारा निःशुल्क किया जाएगा।
vi) अभिभावक के स्थानांतरण या छात्र के स्वयं स्थानांतरण या किसी छात्रा के विवाह जैसे विशेष मामलों में, माननीय कुलपति की अनुमति से 1000/- रुपए शुल्क के साथ शिक्षार्थी सहायता केंद्र में परिवर्तन की अनुमति दी जाएगी। 1000/-.
vii) प्रवेश के लिए आधार कार्ड/पासपोर्ट/अन्य कानूनी पहचान पत्र अनिवार्य होगा।

### 4.1.8 पहचान पत्र

शिक्षार्थी प्रवेश के उपरांत विश्वविद्यालय की वैबसाइट से अपना पहचान पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### 4.1.9 प्रवेश में आरक्षण की नीति

विश्वविद्यालय में प्रवेश के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित आरक्षण के नियम लागू होंगे।

### 4.1.10 शुल्क प्रतिपूर्ति/वापसी

**अ.** राज्य सरकार और केंद्र सरकार की शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अनुसार, आरक्षित वर्ग के शिक्षार्थियों के आवेदन संबंधित विभाग को भेजे जाएंगे।

**ब. शुल्क वापसी के मानक:**

i) संबंधित अध्ययन कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए पात्र विद्यार्थियों की फीस वापस की जाएगी। साथ ही, यदि विश्वविद्यालय द्वारा गलत/फर्जी/अयोग्य प्रमाण-पत्र/पात्रता के आधार पर प्रवेश रद्द किया जाता है, तो फीस वापस नहीं की जाएगी।
ii) केवल प्रथम सेमेस्टर/वर्ष के नामांकित विद्यार्थियों के लिए

### 4.1.7 Rules for Change in Learner Support Centre (LSC)

i) Change of LSC for physically challenged learner shall be of free of cost.
ii) Change of learner support center shall be free of cost within 30 days from the last date of admission.
iii) After the 30 days from the last date of admission to 60th day, the change of learner support center shall be allowed if the learner applies through learner support center with no dues certificate of the center and Rs. 1000/- as fee for the change of learner support center. Such application shall be decided upon by the University and its decision shall be final.
iv) After this period no change of learner support center shall be allowed till the end of the Session.
v) In an extra ordinary situation like self-closure of the learner support center or Closure of learner support center by the University, the change of learner support center shall be done by the University at free of cost.
vi) In the special cases like transfer of guardian or transfer of student itself or marriage of a female student, change of learner support center shall be allowed with due permission of the Hon'ble Vice Chancellor with a fee of Rs. 1000/- .
vii) Aadhar card/ passport/other legal identity card shall be mandatory for the admission.

### 4.1.8 Identity Card

Student can download Identity card from the website of the University.
https://online.uou.ac.in/OnlineICardPrint.aspx

### 4.1.9 Policy of Reservation in Admission

Reservation Policy of the State Government will be applicable in admission.

### 4.1.10 Fee Reimbursement/ Refund

**A.** As per the fee reimbursement scheme of State Govt. and Central Govt., the application of the learners from reserved category will be forwarded to the Concerned Department.

**B. Criteria for refund of Fees:**

i) Fee will be refunded for the leaners who are eligible for seeking admission in the respective programme of study. And, if admission is cancelled by the University on the ground of wrong/ fake/ ineligible certificates/ eligibility then the fee will not be refunded.
ii) Return of fee, for newly enrolled learners of a semester/ year only, shall be applicable only in that

फीस वापसी केवल उसी सत्र में लागू होगी, जिसमें प्रवेश लिया गया है।

iii) फीस वापसी के लिए आवेदन केवल 'फीस वापसी' (https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx)नाम क ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए गए आवेदन के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा।इस संबंध में किसी अन्य रूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

iv) फीस वापसी की प्रक्रिया संबंधित सत्र के प्रवेश की अंतिम तिथि से 30 दिनों के भीतर पूरी की जानी है।

v) यदि किसी तकनीकी समस्या के कारण डिजिटल भुगतान के माध्यम से दोहरा भुगतान किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में एक भुगतान वापस किया जाएगा। आवेदन केवल 'फीस वापसी'(https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx) नामक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।इस संबंध में किसी अन्य रूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

vi) यदि चालान द्वारा भुगतान किए गए प्रवेश फार्मों को रद्द करने का आवेदन एसआईएस में रिकॉर्ड जमा करने से पहले प्राप्त होता है, तो पात्र आवेदकों के लिए कुल शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

vii) यदि विश्वविद्यालय में प्रवेश फार्म की प्रविष्टि नहीं की जाती है, तो 100% शुल्क वापस कर दिया जाएगा। यदि विश्वविद्यालय किसी कार्यक्रम को निलंबित / बंद कर देता है, तो शुल्क के कुल योग का 100% वापस कर दिया जाएगा।

viii) यूजीसी की अधिसूचना के अनुसार (D.O. No.F.2-71/2022(CPP-II)(C-114546, दिनांक 12/06/2024), यदि प्रवेश निरस्तीकरण (Withdrawal of Admission) की सूचना प्रवेश की औपचारिक अंतिम तिथि से 15 दिन या उससे अधिक पूर्व प्राप्त होती है, तो छात्र को शुल्क का 100% वापस किया जाएगा; यदि सूचना अंतिम तिथि से 15 दिन से कम समय पूर्व प्राप्त होती है, तो 90% शुल्क वापसी की जाएगी; यदि सूचना औपचारिक अंतिम तिथि के 15 दिनों के भीतर प्राप्त होती है, तो 80% शुल्क वापसी की जाएगी; यदि सूचना अंतिम तिथि के 15 दिनों के बाद लेकिन 30 दिनों के भीतर प्राप्त होती है, तो 50% शुल्क वापसी की जाएगी; तथा यदि सूचना औपचारिक अंतिम तिथि के 30 दिनों के बाद प्राप्त होती है, तो किसी भी प्रकार की शुल्क वापसी देय नहीं होगी।

ix) यदि शिक्षार्थी अध्ययन सामग्री वितरित होने के बाद रद्द करने का अनुरोध करता है, तो पात्र धनवापसी शुल्कका 50% वापस कर दिया जाएगा, यह मानते हुए कि शिक्षार्थी द्वारा एस.एल.एम वापस करना होगा।

x) पी.जी. के लिए अध्ययन का वह कार्यक्रम जिसके लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड संबंधित विषय में स्नातक की डिग्री है, ऐसे आवेदकों के लिए, यदि कोई विसंगति (संबंधित

session in which admission is sought.

iii) Application for fee refund shall be accepted ONLY though the application made via online portal titled as 'Fee Refund' (https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx). Application in no other form will be accepted in this regard.

iv) Process of reimbursement of fee is to be completed within 30 Days from the last date of admission of the respective session.

v) If due to a technical problem double-payment is made through digital payment, in such a situation one payment will be refunded. The application will be submitted only through the online portal titled as 'Fee Refund' (https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx). Application in no other form will be accepted in this regard.

vi) If the application of cancellation of those admission forms whose payment is made by challan is received, before submitting the records in SIS, then total fee shall be refunded, for the eligible applicants.

vii) If the entry of admission form is not done in the University, then 100% fee shall be refunded. If the University suspends/closes a Programme then 100% of the grand total* of fee shall be refunded.

viii) As per UGC Notification (D.O. No.F.2-71/2022(CPP-II)(C-114546, dated 12/06/2024), a student shall be eligible for a 100% refund of fees if the notice of withdrawal of admission is received 15 days or more before the formally notified last date of admission; 90% refund if the notice is received less than 15 days before the formally notified last date of admission; 80% refund if the notice is received within 15 days after the formally notified last date of admission; 50% refund if the notice is received after 15 days but within 30 days from the formally notified last date of admission; and no refund shall be admissible if the notice of withdrawal is received more than 30 days after the formally notified last date of admission.

ix) If the learner requests for cancellation after the study material have been delivered then 50% of the eligible refund- fee shall be refunded considering that the learner must returns the SLM.

x) For the P.G. programme of study for which the minimum eligibility criteria is a graduate degree in the respective discipline, for such applicants, if any discrepancy (graduate degree not in the respective discipline) is recorded then an amount of 75% of the total eligible refund-fees will be refunded to the applicant, considering that the SLM is not delivered

विषय में स्नातक की डिग्री न होना) दर्ज की जाती है, तो पात्र धनवापसी शुल्क का 75% आवेदक को वापस कर दिया जाएगा, यह मानते हुए कि एसएलएम उसे नहीं दिया गया है। अन्यथा, वह पात्र धनवापसी शुल्कका 50% वापस पाने का पात्र होगा, यह मानते हुए कि आवेदक को एसएलएम विश्वविद्यालय को वापस करना होगा।

xi) ऐसी स्थिति में जब कोई शिक्षार्थी किसी कार्यक्रम को पूरा कर लेता है और भविष्य में कोई अन्य कार्यक्रम करने में रुचि नहीं रखता है, तो यदि विश्वविद्यालय पर कोई अतिरिक्त राशि बकाया है, तो उसे ऐसे शिक्षार्थी के आवेदन पर वापस कर दिया जाएगा।

xii) ऐसी राशि शिक्षार्थी के कार्यक्रम पूरा होने के एक वर्ष के भीतर आवेदन करने पर ही वापस की जाएगी।

xiii) **सम्पूर्ण शुल्क** का तात्पर्य समस्त शुल्क से है जिसके अन्तर्गत कार्यक्रम, प्रोजेक्ट, कार्यशाला, परीक्षा, प्रयोगात्मक, मौखिकी, डिग्री और विविध शुल्क सम्मिलित हैं।

xiv) **आवश्यक सूचना:** शुल्क की वापसी/प्रतिपूर्तिकेवल शिक्षार्थी के स्वयं के बैक खाते में ही की जाएगी|**यदि प्रवेश के समय कोई भुगतान विफल हो जाता है (बैंक खाते से राशि कट जाती है) और प्रवेश पूरा नहीं होता है, तो प्रवेश की अंतिम तिथि से पहले निम्नलिखित लिंक: https://forms.gle/yr8DrcGPyNgNRAEh8का उपयोग करके आवेदनकर्ता अपना विवरण जमा करें, तभी विश्विद्यालय में शुल्क प्राप्त होने की स्तिथि में उस शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश मान्य होगा। उसके उपरांत,प्रवेश की अंतिम तिथि के बाद विवरण जमा करने पर,शुल्क वापस कर दिया जाएगाऔर प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा।**

to him/her. Otherwise, he/she will be eligible for a return of 50% of the total eligible refund-fees, considering that the applicant must return the SLM to the University.

xi) In a situation like completion of a programme by a learner who is not interested in doing other programme in the future, then if any extra amount is due on the University, that shall be refunded on the application of such learner.

xii) Such amount shall be refundable on the application of the learner within a year after the completion of the programme only.

xiii) **Grand Total** means total fees which include Program fee, project, workshop, examination, Practical, viva-voce, degree etc.

xiv) **Important Notice:** Fee refund/reimbursement will be made only in the learner's own bank account. **If at the time of admission, a *TRANSACTION FAILURE* (amount deducted from bank account) takes place and the admission is not completed then submit your details using the following link: https://forms.gle/yr8DrcGPyNgNRAEh8 on or before the last date of admission, and upon receiving of fees in University only, the admission will be considered for that academic session.Afterwards, the fees will be refunded (upon submitting the details after the last date of admission) and the admission stands cancelled.**

### 4.1.11 पाठ्यक्रम / विषय / कोर्स में परिवर्तन

i) नव नामांकित शिक्षार्थियों के लिए, एक अकादमिक सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि तक विषय/कार्यक्रम परिवर्तन (केवल ऑनलाइन पोर्टल https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx के माध्यम से) केवल प्रथम सेमेस्टर/वर्ष में नव-प्रवेशित शिक्षार्थियों हेतु अनुमत होगी।

ii) शिक्षार्थी को नए कार्यक्रम के संबंध में पात्रता दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

iii) प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों के लिए कार्यक्रम परिवर्तन लागू नहीं होगा।

iv) कार्यक्रम/विषय में परिवर्तन के मामले में, यदि नए कार्यक्रम या विषय में पहले चुने गए कार्यक्रम/विषय की तुलना में कम शुल्क है, तो ***शेष राशि समायोजित नहीं की जाएगी।***

v) इसके अतिरिक्त, यदि वांछित कार्यक्रम/विषय में शिक्षार्थी द्वारा चुने गए पिछले कार्यक्रम/विषय की तुलना में अधिक शुल्क है या शिक्षार्थी ने पिछले कार्यक्रम/विषय के लिए ई-

### 4.1.11 Programme/ Subject/ Course Change

i) Subject/Programme change (through online portal only, https://online.uou.ac.in/StudentCorner.aspx) shall be permitted, for the newly enrolled learners of 1st sem/year only, on or before the last date of admission in a session.

ii) The learner shall have to produce eligibility documents regarding the new programme.

iii) Programme change shall not be applicable for the learners who have obtained admission through/in the program based on entrance test.

iv) In the case of change in programme/ subject, if the new programme or subject has a lower fee than the programme / subject opted earlier, then the remaining amount ***will not be adjusted***.

v) Apart from that, if the desired programme / subject has a higher fee than the previous programme/ subject opted by the learner or the learner had opted for e-SLM for the previous programme/subject, then s/he will have to pay an additional fee (as applicable

एसएलएम का विकल्प चुना था, तो उसे अतिरिक्त शुल्क (जैसा लागू हो और विश्वविद्यालय द्वारा गणना की जाए) देना होगा। दोनों मामलों में, कार्यक्रम/विषय में परिवर्तन के लिए शुल्क का अंतर अतिरिक्त रूप से देय होगा।

vi) उपर्युक्त व्यवस्था के अनुसार, शुल्क इस प्रकार है:

| | |
|---|---|
| शिक्षार्थी सहायता केंद्र का परिवर्तन शुल्क (जैसीपरिस्थिति हो) | Rs. 1000/- |
| कार्यक्रम परिवर्तनशुल्क | Rs. 500/- |
| विषय/पाठ्यक्रम का परिवर्तनशुल्क | Rs. 200/- |

❖ **नोट:** विषय/कार्यक्रम के परिवर्तन के लिए शुल्क उस शुल्क के अतिरिक्त है, जो शिक्षार्थी को पिछले और नए (परिवर्तित) कार्यक्रम/विषय के शुल्क के अंतर के रूप में देना होता है।

### 4.1.12 सामान्य नियम

❖ विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु मात्र उन्हीं स्कूल बोर्डों/ विश्वविद्यालयों/ शैक्षणिक संस्थानों द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र एवं उपाधियां मान्य होंगी जिन संस्थानों की ऐसी उपाधियों को विद्यालयी शिक्षा परिषद उत्तराखण्ड / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समकक्षता/ मान्यता प्रदान की गई हो।

i) शिक्षार्थी सहायता केन्द्र समन्वयकों द्वारा ही शिक्षार्थी सहायता केन्द्रों में प्रवेश के समय शिक्षार्थी के समस्त शैक्षिक अभिलेखों, जाति संबंधी प्रमाण पत्रों, शैक्षिक योग्यता इत्यादि का मूल अभिलेखों से मिलान कर सत्यापित किया जायेगा और शिक्षार्थी सहायता केन्द्र समन्वयक इसके लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

ii) आवश्यकता पड़ने पर विश्वविद्यालय के द्वारा भी प्रवेश आवेदन पत्रों का मूल अभिलेखों से मिलान कर यादृच्छ(रैण्डम) सत्यापन किया जायेगा।

iii) शिक्षार्थी के लिए यह आवश्यक होगा कि वे प्रवेश लेने के उपरांत एक माह के भीतर अपने शिक्षार्थी सहायता केन्द्र में जाकर अपने संलग्न दस्तावेजों को सत्यापित करायें।

iv) शिक्षार्थी सहायता केन्द्र समन्वयकों के लिए आवश्यक होगा कि वे अपने शिक्षार्थी सहायता केन्द्र में पंजीकृत नये शिक्षार्थी के समस्त शैक्षिक अभिलेखों, जाति संबंधी प्रमाण पत्रों, शैक्षिक योग्यता इत्यादि का मूल अभिलेखों से मिलान कर सत्यापित किये जाने का प्रमाण पत्र, प्रवेश विभाग, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे।

v) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में केवल वे अभ्यर्थी ही प्रवेश के पात्र हैं जो विद्या परिषद द्वारा निर्धारित शैक्षिक अर्हता को पूर्ण करते हों। प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु उसकी प्रवेश अर्हता का उल्लेख सम्बन्धित विवरण में दिया गया है।

vi) अभ्यर्थी का प्रवेश उसी शिक्षार्थी सहायता केन्द्र में माना जाएगा, जहाँ उसने पूरित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हो /

and calculated by the University). In both the cases, the difference of fee for change in programme / subject will be payable additionally.

vi) As per the above-mentioned arrangements, the fee are as follows:

| | |
|---|---|
| Change of Learner Support Centre (as applicable) | Rs. 1000/- |
| Change of Programme | Rs. 500/- |
| Change of Subject/Course | Rs. 200/- |

❖ **Note:** The fee for Change of Subject/ Programme is additional to the fee which is to be paid by the learner as a difference of fees of previous and new (changed) programme/subject.

### 4.1.12 General Rules

❖ Only the degrees / certificates issued by institutions which are recognized by Uttarakhand Madhymik Shiksha Parishad/ University Grant Commission shall be accepted as valid for admission in the University.

i) All educational certificates, caste certificate, educational qualification etc. of learner will be certified by the Learner Support Centre Coordinator after checking the original documents and accordingly Learner Support Centre Coordinator shall be solely liable for it.

ii) The University will also verify the admission forms randomly by checking the originals if necessary.

iii) It will be mandatory for the learners to get their enclosed documents certified by the Learner Support Centre within a month after admission.

iv) It will be mandatory for the Learner Support Centers to send a certificate to the Admission Department of Uttarakhand Open University certifying that all the educational certificates, caste certificate, educational qualification etc. of the new learners registered in the Learner Support centre have been attested by checking the originals.

v) Only those applicants, who fulfil the required educational qualifications as decided by the Academic Council, are eligible for the programmes offered by the University.

vi) An applicant will be enrolled only in that Learner Support Centre where his/her application forms has been submitted.

vii) Except for those programmes where entrance

